प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 22.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी, रेस्तरां, ढाबों और कैंटीन को मिलेगा लाभ ।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कैप्टन राकेश रंजन के परिवार से मुलाकात की...कहा– पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है भारत सरकार, पार्थिव शरीर जल्द रांची लाने का प्रयास।
- बड़हरवा साहिबगंज पीरपैंती रेलखंड पर टिकट जांच अभियान में 330 मामले पकड़े गए, यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के प्रति जागरूक करते हुए रेल वन एप के उपयोग की सलाह।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।
- कल से रांची में शुरू होगी 28 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा प्रतियोगिता, आज से खिलाड़ियों का आगमन।

***************

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन कल से लागू होगा। केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें। एक रिपार्ट

***************

केन्द्र सरकार ने बजट 2025–26 के अनुरूप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विनिर्माताओं और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक ऋण गारंटी योजना में बड़े बदलाव किए हैं।संशोधित योजना में चौथे वर्ष बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम अंशदान वापसी की जा सकती है। संतोषजनक ऋण प्रदर्शन पर चौथे वर्ष से हर साल इसका एक प्रतिशत वापस किया जा सकेगा।

***************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसी भी परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए सतर्क नागरिकों के सहयोग से सशक्त सेना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा है कि आधुनिक युद्ध अब सीमाओं से दूर चला गया है। इसमें आर्थिक, डिजिटल, ऊर्जा और खाद्य क्षेत्र सहित राष्ट्रीय सुरक्षा भी शामिल हैं। उत्तराखंड के सैनिक स्कूल घोराखाल के स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री सिंह ने यह बात कही।

***************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में कैप्टन राकेश रंजन के परिवार से मुलाकात की, जिनकी ईरान के साथ चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में मृत्यु हो गई थी। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है ।

***************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत को प्रेरित करने वाली कहानियां बताने के लिए माय भारत पॉडकास्ट श्रृंखला शुरू की है। पहला एपिसोड वह सपना जिसने हार नहीं मानी अब उपलब्ध है, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में देश में पहली रैंक लाने वाले डॉ. अनुज अग्निहोत्री की कहानी शामिल हैं। यह पॉडकास्ट केवल माय भारत पोर्टल पर उपलब्ध है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

साहिबगंज जिले में मालदा रेल मंडल द्वारा बड़हरवा साहिबगंज पीरपैंती रेलखंड पर विशेष सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 330 अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए। जिनसे जुर्माना वसूला गया। यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के प्रति जागरूक करते हुए रेल वन एप के उपयोग की सलाह दी गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट के साथ यात्रा करें, ताकि दंड से बचा जा सके।

***************

सिमडेगा पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में यात्री बस में सवार एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि गांजा की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

साउंड बाइट– पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा ऑन गांजा– 18 सेकेंड

***************

लातेहार जिले के बालूमाथ–पांकी मुख्य पथ पर दो मोटरसाइकिल की आमने–सामने टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई । वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल में चार बाइक सवार युवक सरहुल जुलूस देखकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल में आमने–सामने टक्कर हो गयी।

***************

रांची में कल से मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में 28वी सब जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन होगा जो 27 मार्च तक चलेगा। इसके लिए आज से खिलाड़ियों का रांची आगमन शुरू हो जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से 23 राज्यों के 550 से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

***************

मौसम केंद्र रांची की ओर से कल विश्व मौसम विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम है आज का अवलोकन कल की सुरक्षा । सभी मौसम विज्ञान प्रेमी, विश्वविद्यालय और स्कूल के छात्रों को मौसम केंद्र रांची में इस दिन आने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

***************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। कल से मौसम साफ होने की उम्मीद है ।

***************

प्रमुख अखबारों की वेबसाइट की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने धूमधाम से संपन्न सरहुल पर्व की खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है ।
हिन्दुस्तान और दैनिक भाष्कर की सुर्खी है – सरहुल में मांदर की थाप पर झूमा झारखंड ।
प्रभात खबर ने लिखा है–रांची नगर निगम के रिटायर कर्मियों की बकाया पेंशन के भुगतान पर हाईकोर्ट सख्त।
दैनिक जागरण ने लिखा है – आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षक भी जेटेट में ले सकेंगे भाग।

*******************